# बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

## आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–03/2025 के अंतर्गत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में सदस्य (दिनांक–03.05.2025), विज्ञापन संख्या–02/2025 के अंतर्गत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष (दिनांक–04.05.2025) एवं विज्ञापन संख्या–01/2025, के अंतर्गत राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में न्यायिक सदस्य (दिनांक–05.05.2025) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक) प्रतियोगिता परीक्षा दोनों पालियों में (प्रथम पाली–10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली–02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक) आयोजित की जायेगी। कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की तिथि 03.05.2025, 04.05.2025 एवं 05.05.2025 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे:–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट https://bpsc.bihar.gov.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. अभ्यर्थी पहचान के लिए ऑनलाईन आवेदन में दर्ज किये गये पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस लाना सुनिश्चित करेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।

**नोट:–विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट** https:// bpsc.bihar.gov.in **पर उपलब्ध है।**

29/4/25

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना